बकरा ईद की नमाज ईदगाह पर हुई अदा

हजारों लोगों के दुआ के लिए उठे हाथ

सनावद(विजय गुप्ता) हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने स्वप्न में अल्लाह के आदेश को मानते हुए अपनी सबसे प्यारे बेटे इस्माइल अलैहिस्सलाम की कुर्बानी दी मगर यह इम्तिहान (परिक्षा)था फ़रिश्ते ने इस्माइल अलैहिस्सलाम को हटाकर दुंबा (अरब का बकरा)जिन्हा कर दिया। इस तरह त्याग बलिदान और अल्लाह की खुशी के लिए ये पर्व मनाया जाता है। उक्त उद्बोधन शहर काजी हाफिज अजमल खान अशरफी साहब ने ईदगाह पर ऊर्दु खुत्बा पढ़ा।

ईद उल अजहा की नमाज के लिए अल सुबह 6.30 बजे अंजुमन इस्लाम कमेटी सदर शेख साकेरीन सेकेट्री जर्रार पेंटर आकीब खान ने जरदार चौक पर शहरकाजी हाफिज अजमल खान अशरफी साहब के नेतृत्व में जुलूस नारा ए तकबीर के साथ निकला। जुलूस में शामिल हाजी हजरात की गुलपोशी कर इस्तकबाल किया। जुलूस

शहर काजी हाफिज अजमल खान अशरफी ने नमाज और खुतबा मुकम्मल करवाया

एसोसिएशन चौक से होता हुआ खरगोन रोड स्थित ईदगाह पहुंचा। ईदगाह पर ऊर्दु ओर अरबी खुत्बा हाफिज अजमल खान अशरफी साहब ने पढ़ा और 7.15 बजे नमाज अदा कराई नमाज बाद दुआ के उठे हाथों ने अल्लाह से मुल्क ए हिंदुस्तान में अमन तरक्की खुशहाली भाई चारा और दुश्मन से हिफाजत की दुआ की।नमाज बाद सभी ने एक दुसरे को गले मिलकर ईद की मुबारक बाद दी। अंजुमन सदर शेख शाकिरिन ने बताया कि इस बार ईद की नमाज भीषण गर्मी को देखते हुए अल सुबह 7:15 बजे अदा करने का कमेटी ने वक्त मुकर्रर किया था जिसको लेकर लोगों के बीच संसय था मगर ईदगाह पर लगभग 3000 लोगों ने एक साथ नमाज अदा की। ईदगाह के पश्चात शहर की जामा मस्जिद में 7:30 पर जामा मस्जिद के इमाम हाफिज मुर्शीद रजा ने हुसैनी मस्जिद में 7.45 पर मौलाना उमर अंसारी साहब मदीना मस्जिद में 8.00 बजे मौलाना मोहम्मद हुसैन मिस्बाही साहब ने नमाज अदा कराई। ईद के इंतेज़ाम में नगरपालिका अध्यक्ष इंदर बिरला ओर पार्षदों ने ईदगाह पर डोम लगाकर नमाजियों का इंतकबाल किया । तहसीलदार केसिया सिंग सोलंकी सीएमओ राजेंद्र मिश्रा थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव पटवारी नारायण दसाने ओर पुलिस बल मौजुद था।

थाना कसरावद अवैध जुआ खेलने वालों के विरुद्ध कसरावद पुलिस की बड़ी कार्यवाही

जंगल में चल रहे जुआ फड़ पर पुलिस की दबिश, 07 आरोपी पकड़ाए।

ताश पत्तों से हार-जीत का दांव लगाते आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा।

आरोपियों के कब्जे एवं फड़ से कुल 16,410 रुपए नगद एवं 52 ताश पत्ते जप्त।

जुआ एक्ट के तहत किया प्रकरण पंजीबद्ध ।

इंदौर समाचार सेवकराम चौबे। कसरावद पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन (ग्रामीण) अनुराग जी द्वारा जिले में जुआ एवं सट्टा जैसी अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के पालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती शकुंतला रुहल के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों को लगातार प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में थाना कसरावद पुलिस द्वारा अवैध जुआ खेलने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता प्राप्त की गई।

कार्यवाही का विवरण-दिनांक 27.05.2026 को थाना कसरावद पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि चंदनपुरी फाटे के पास जंगल क्षेत्र में कुछ व्यक्ति ताश पत्तों से रुपये पैसों का हार-जीत का जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर निरीक्ष राजेन्द्र बर्मन थाना प्रभारी कसरावद द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर पंचों के साथ मौके पर दबिश दी गई। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर कुल 07 आरोपियों को मौके से जुआ खेलते हुए पकड़ा गया। मौके पर आरोपियों के कब्जे एवं जुआ फड़ से कुल नगदी 16,410 रुपए एवं 52 ताश पत्ते जप्त किए गए। सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना कसरावद पर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

आरोपियों के नाम –1.मंगुसिंह पिता भारत गवली जाति मानकर उम्र 40 वर्ष निवासी चंदनपुरी।

2. जानिफ पिता मजिद खान जाति मुस्लिम उम्र 40 वर्ष निवासी चंदनपुरी।

3. राहुल उर्फ चेतन पिता मोहन जाति राजपूत उम्र 32 वर्ष निवासी सैलानी।

4. दीपक पिता नाना तोमर जाति राजपूत उम्र 37 वर्ष निवासी सैलानी।

5. मिथुन पिता गंगाराम सोलंकी जाति बलाई उम्र 32 वर्ष निवासी सैलानी।

6. प्रभु पिता गेंदालाल नहाल जाति मानकर उम्र 42 वर्ष निवासी सैलानी।

7. दीपक पिता कैलाश पंवार जाति राजपूत उम्र 32 वर्ष निवासी सैलानी।

सराहनीय कार्य-उक्त कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मण्डलेश्वर सुश्री श्वेता शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कसरावद निरीक्षक राजेन्द्र बर्मन के नेतृत्व में उनि अजय भाटिया, प्रआर.417 मनोहर, प्रआर.569 भावसिंह, प्रआर.659 महेश मालवीय, आर.760 हरिओम कौशिक, आर.673 महेन्द्र ठाकुर, आर.1064 सौरभ बघेल, आर.460 राकेश चौहान, आर.605 बुदन कटारे एवं आर.751 रघुनाथ का विशेष योगदान रहा।

थाना कसरावद अवैध मादक पदार्थ गांजा के खिलाफ कसरावद पुलिस की बड़ी कार्यवाही

इंदौर समाचार सेवकराम चौबे कसरावद प्रदेश में अवैध मादक पदार्थ का प्रचलन समाज के लिए एक गंभीर समस्य बनता जा रहा है। विशेष रुप से प्रदेश का युवा वर्ग इसके दुष्प्रभाव से ग्रस्त हो रहा है। जिसके संबंध में पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन (ग्रामीण) अनुराग जी के द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था।

आरोपी के कब्जे से 510 ग्राम अवैध गांजा कीमती 11,000 रुपए बरामद

मुखबिर सूचना पर त्वरित घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ने में मिली सफलता

एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत किया प्रकरण पंजीबद्ध

जिसके परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती शकुंतला रुहल जिला खरगोन के द्वारा जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) व थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था।

उपरोक्त निर्देशों के पालन में एसडीओपी महोदय, अनुभाग मण्डलेश्वर श्वेता शुक्ला के मार्गदर्शन में निरीक्ष राजेन्द्र बर्मन थाना प्रभारी कसरावद को मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस टीम ने संतोषी माता मंदिर के पास नयानगर वार्ड क्रमांक 05 में मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से कुल 510 ग्राम गांजा कीमत 11,000 रुपए बरामद किया।

कार्यवाही की विवरण ङ्क विश्वसनीय मुखबिर से गुप्त सूचना प्राप्त होने पर थाना कसरावद पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी शंकर पिता ताराचंद यादव, उम्र 49 वर्ष, वार्ड क्रमांक 05 नयानगर, कसरावद को पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा की प्लास्टिक थैली बरामद की गई, जिसकी जांच और तौल पंचों की उपस्थिति में की गई। कुल वजन 510 ग्राम कीमती 11,000 रुपए का पाया गया। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है और विवेचना जारी है। आरोपी के नाम शंकर पिता ताराचंद यादव, जाति गवली, उम्र 49 वर्ष, वार्ड क्रमांक 05 नयानगर, थाना कसरावद, जिला खरगोन

सराहनीय कार्य - उक्त प्रकरण मे अनुविभागीय अधिकारी मण्डलेश्वर सुश्री श्वेता शुक्ला के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी कसरावद निरीक्षक राजेन्द्र बर्मन के नेतृत्व में उनि रीना एक्का, सउनि मोहन सिंगला, प्रआर.659 महेश मालवीय, आर.760 हरिओम, आर.673 महेन्द्र ठाकुर, आर.460 राकेश चौहान, आर.605 बुदन कटारे, आर.1064 सौरभ बघेल एवं म.आर.1002 रेखा मुवेल का विशेष योगदान रहा।

तेज रफ्तार बलगर वाहन ने दो मजदूरों को टक्कर मारी, एक की मौत, दूसरा घायल

सरपट यमराज की तरह दौड़ते बलगर वाहन

इंदौर समाचार सेवकराम चौबे कसरावद अरिहंत नगर गुरुवार सुबह 8:00 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो मजदूर घायल हो गए, जिसमें से एक की मौत हो गई। घटना तब हुई जब बलगर कैप्सूल वाहन (एमपी 10 झेड ई 3271) तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाते हुए कसरावद नगर की ओर आ रहा जिसने मोटरसाइकिल से जा रहे मजदूरों को टक्कर मार दिया।

घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया आए दिन लोगों की जान ले रहे हैं बलगर वाहन

हादसे की जानकारी मिलने पर राहगीरों ने 112 पर कॉल की। मौके पर पहुंचे पुलिस और एम्बुलेंस ने दोनों घायलों दयानंद पिता सुखलाल नैयर उम्र 41 वर्ष जाति बलाई और सीताराम पिता देव जाति बलाई, उम्र 56 वर्ष को कसरावद शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दयानंद की गंभीर हालत देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहाँ उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की

बताया जा रहा है कि मृतक मजदूरी करने के लिए अपने घर से इंदौर रोड मार्ग से जा रहा था।

खरगोन जिला अस्पताल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी वाहन को अपने कब्जे में लेकर कसरावद थाने पर खड़ा किया है।

शहर के राजवाड़ा चौक पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

अमित शाह का पुतला किया दहन

झाबुआ। शहर के राजवाड़ा चौक पर गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.विक्रांत भूरिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए गृहमंत्री का पुतला दहन किया। विगत एक दिन पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा नई दिल्ली में आयोजित 'जनजातीय गर्जना' रैली में आदिवासियों को 'वनवासी' कहे जाने पर विवाद खड़ा हो गया है।

पुतला दहन रोकने का प्रयास किया, पुतला जलाने में सफल रहे- प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन ने शुरुआती दो बार पुतला दहन रोकने का प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ता इधर उधर जा कर बार-बार प्रयास करने लगे, वही तीसरी कोशिश में पुतला जलाने में सफल रहे। प्रदर्शन में जसवंतसिंह भाबर, नटवर डोडियार, नरवेश अमलियार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। आदिवासियों को केवल जंगलों तक सीमित करने की कोशिश की जा रही है राजवाड़ा चौक पर डॉ.विक्रांत भूरिया ने कहा कि आदिवासी समुदाय की पहचान को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। आरोप लगाया कि आदिवासियों से जल, जंगल और जमीन छीनी जा रही है और अब उन्हें 'आदिवासी' कहने से भी परहेज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'वनवासी' शब्द का इस्तेमाल कर आदिवासियों को केवल जंगलों तक सीमित करने की कोशिश की जा रही है। डॉ.विक्रांत भूरिया ने आरोप लगाया कि जंगलों को औद्योगिक घरानों को सौंपने और आदिवासी समाज को मजदूर बनाने की सोच के तहत इस तरह की भाषा का उपयोग किया जा रहा है। कांग्रेस सरकार के समय विश्व आदिवासी दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया था, जिसे वर्तमान सरकार ने समाप्त कर दिया।

वनवासी' कहना स्वीकार नहीं किया जाएगा-डॉ.विक्रात भूरिया ने कहा कि आदिवासी समाज देश का मूल निवासी है और इस संबोधन से समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने गृहमंत्री से माफी की मांग की। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज आज शिक्षा और विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है तथा डॉक्टर, कलेक्टर और आईपीएस, राजनेता जैसे पदों पर पहुंच रहा है। ऐसे में उन्हें 'जंगली' या 'वनवासी' कहना स्वीकार नहीं किया जाएगा।

प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन तहसील इकाई की बैठक संपन्न

सनावद(विजय गुप्ता) प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन तहसील इकाई की बैठक बुधवार शाम को शीतला माता मंदिर परिसर में हुई। जिसमें इकाई अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा और सचिव सुरेश अत्रे ने मप्र सरकार द्वारा लागू बीमा योजना को लेकर जानकारी प्रदान की। इस योजना को लेकर एसोसिएशन ने विरोध जताया है। जिसमें पेंशनर की पेंशन से चार प्रतिशत राशि काटी जाएगी। इसके विरोध में प्रांतीय संगठन के निर्देशानुसार 10 जून को तहसील मुख्यालयों पर रैली निकाल कर ज्ञापन देने का प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक में नवीन पदाधिकारियों के दायित्वों की घोषणा की गई। जिसमें तहसील इकाई सनावद कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र सिंह तोमर इकाई कोषाध्यक्ष दिलीप शाह को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। साथ ही विजय कुमार कुमरावत का नाम संभागीय प्रतिनिधि के लिए प्रस्तावित कर प्रांतीय संगठन को भेजने का निर्णय लिया गया। इस दौरान जिला प्रतिनिधि धनालाल चौधरी, बाबूलाल चौधरी, मंशाराम पाटील,अनोकचंद बिरला, अशोक मिश्रा, निर्मल जोशी, जीवन सिंह सोलंकी, हुकुम सिंह पंवार, शिवशंकर सोनी आदि उपस्थित थे।

कसरावद में ईदुल अजहा (बकरीद) हर्षोल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया

कसरावद में मुस्लिम समाज का प्रमुख पर्व ईदुल अजहा (बकरीद) हर्षोल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। सुबह से ही समाजजन ईदगाह में पहुँचे, जहां विशेष नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और अमन-चैन की दुआ मांगी।

ईदुल अजहा का पर्व हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम और हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम की महान कुर्बानी की याद में मनाया जाता है। इस दिन मुसलमान अल्लाह की राह में अपनी प्रिय चीज़ की कुर्बानी देकर अहंकार और बुराइयों को त्यागने का संदेश देते हैं। नमाज के बाद जिलेभर में धार्मिक परंपराओं के अनुसार कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा। बताया गया है कि यह सिलसिला शुक्रवार और शनिवार तक भी जारी रहेगा। त्योहार को लेकर पुलिस और प्रशासन भी मुस्तैद रहा। एसडीएम सत्येंद्र बेरवा, तहसीलदार मुकेश मचार, थाना प्रभारी राजेंद्र बर्मन और अन्य प्रशासनिक अधिकारी व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क रहे। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह यादव एवं ब्लॉक कांग्रेस ने भी सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर समाज के प्रमुख सदस्य जैसे अनिल यादव, डॉक्टर शिरीष जायसवाल, पप्पू सोनी, संजय यादव, सदर शेर खान अंसारी, सभी मस्जिदों के इमाम, अबरार पठान, अकील खान, अकील शेख, रईस कुरैशी, तस्लीम खान शहिद हेडली ने उपस्थित होकर सभी को ईद की बधाई दी।

दिव्य श्रीराम कथा व श्री रामार्चन अनुष्ठान समारोह 5 जून से

सनावद(विजय गुप्ता) स्थानीय नार्मदीय ब्राह्मण समाज धर्मशाला में 5 जून से श्रीराम कथा की शुरूआत होगी। वहीं पुण्यफलदायक अधिक ज्येष्ठ पुरूषोत्तम मास पर श्री रामार्चन अनुष्ठान समारोह भी होगा। प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक व्यासपीठ से कथा का वाचन पं. राकेश गीते करेंगे। मिति कथा पुर्णाहुति 12 जून को होगी। साथ ही प्रतिदिन सुबह 11 बजे से देव पूजन व सहस्त्रार्चन किया जाएगा। श्री रामार्चन अनुष्ठान 1008 नामों से अर्चन होगा। सकल नार्मदीय ब्राह्मण समाज इकाई, युवा शक्ति व मातृशक्ति मंडल ने श्रद्धालुओं से कथा श्रवण करने की बात कही।

नगर पालिका परिषद् सनावद जिला खरगोन

07280-234523 cmosanavad@mpurban.gov.in nagarpalikasanawad.com

निविदा आमंत्रण सूचना

क्र :2026/2031 दिनांक:27/05/2026 ई निविदा क्र :2026_UAD_510914_1, कार्य : वार्ड क्र 12 में माता मंदिर से जैन मुक्तिधाम तक सी सी रोड व धारक भित्ति निर्माण कार्य(प्रथम निविदा आमंत्रण) समयावधि:6 माह, अनुमानित लागत : 57,04,262/-, अमानत राशि :42,800/-, प्रपत्र शुल्क : 10,000/- अंतिम तिथि:30/Jun/2026 ।

क्र :2026/2033 दिनांक:27/05/2026 ई निविदा क्र :2026_UAD_510915_1, कार्य : वार्ड क्र 12 में नाथ समाज श्मसान घाट की बाउंड्री वाल निर्माण कार्य(प्रथम निविदा आमंत्रण) समयावधि:6 माह, अनुमानित लागत : 13,13,687/-, अमानत राशि :9,900/-, प्रपत्र शुल्क : 2,000/- अंतिम तिथि:30/Jun/2026 ।

क्र :2026/1985 दिनांक:22/05/2026 ई निविदा क्र :2026_UAD_509751_1, कार्य : वार्ड क्र 17 मे मलिक कॉलोनी में बी टी रोड निर्माण कार्य(प्रथम निविदा आमंत्रण) समयावधि:3 माह, अनुमानित लागत : 8,48,440/-, अमानत राशि :8,500/-, प्रपत्र शुल्क : 2,000/- अंतिम तिथि:05/Jun/2026 ।

क्र :2026/1985 दिनांक:22/05/2026 ई निविदा क्र :2026_UAD_509752_1, कार्य : वार्ड क्र 13 मे बी टी रोड एवं सी सी कार्य(प्रथम निविदा आमंत्रण) समयावधि:3 माह, अनुमानित लागत : 8,36,775/-, अमानत राशि :8,400/-, प्रपत्र शुल्क : 2,000/- अंतिम तिथि:05/Jun/2026 ।

क्र :2026/1985 दिनांक:22/05/2026 ई निविदा क्र :2026_UAD_509753_1, कार्य : फिल्टर प्लांट के समीप टीला बाबा मंदिर का सुव्यवस्थित पक्का निर्माण कराने का कार्य(तृतीय निविदा आमंत्रण) समयावधि:3 माह, अनुमानित लागत : 1,69,436/-, अमानत राशि :3,400/-, प्रपत्र शुल्क : 1,000/- अंतिम तिथि:05/Jun/2026 ।

अन्य विवरण कार्यालयीन समय में नगर पालिका की निर्माण शाखा में देखे जा सकते हैं. समयावधि वर्षाकाल सहित. प्रस्तुत निविदाएँ आगामी कार्यदिवस पर खोली जाएंगी।

श्रीमती सुनीता इंदर बिरला	श्रीमती नयना मनीष चौधरी	श्रीमती मंजुला संतोष गुर्जर	श्री राजेंद्र मिश्रा
अध्यक्ष	उपाध्यक्ष	सभापति, लो.निर्माण विभाग	मुख्य नगर पालिका अधिकारी
न पा परि सनावद	न पा परिषद सनावद	न पा परि सनावद	न पा सनावद